दिन– बुधवार                                                                                   दिनांक– 22 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

---

भारतीय जनता पार्टी ने निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निर्मला सीतारामन, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल और अरुण सिंह समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज दिल्ली में चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग की और कांग्रेस अध्यक्ष से देश से माफी मांगने को कहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आयोग से अनुरोध किया गया है कि देश में कोई भी राजनीतिक दल इस तरह की भाषा का प्रयोग करता है, तो यह लोकतंत्र के खिलाफ एक निंदनीय कृत्य है।

————————————————————

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के विरोध में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकाला जा रहा है। मार्च के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता ने परिसीमन सुधार और महिला आरक्षण लागू करो के नारे लगा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि धिक्कार मार्च विपक्षी दलों के महिला विरोधी रवैये के खिलाफ निकाला जा रहा है।

————————————————————

राज्य में नवगठित सरकार की पहली कैबिनेट बैठक आज शाम पटना में होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव शामिल होंगे।

————————————————————

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में चौबीस अप्रैल को आयोजित एक दिवसीय विधानसभा सत्र के सफल संचालन को लेकर सभी दल के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सत्र में विश्वास मत प्राप्त करेंगे।

---

राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को नोटिस जारी किया है। वहीं, कई राजनीतिक दलों ने पप्पू यादव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया में पप्पू यादव ने कहा कि नोटिस का वे परवाह नहीं करते। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि उनका बयान संदर्भ से हटकर प्रस्तुत किया गया है।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में मौलिक परिवर्तन लाया जा सकता है। श्री हसनैन आज कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विद्यालय में अधिषद के उनचासवें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने शिक्षकों से मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

---

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को पर्यावरण सरक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण, पेंटिंग और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पृथ्वी दिवस की शुभाकना दी है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना, सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं है बल्कि आने वाले पीढ़ियों के लिए एक संकल्प भी है। इस अवसर पर आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक धीरज एम. काकड़िया ने नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छ, हरित और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, कैमूर, शेखपुरा, नालंदा समेत राज्य के सोलह जिलों में उष्ण लहर लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी, भागलुपर और शेखपुरा में लू जैसे हालात रहे। इन स्थानों का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया।

यह सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, इस अवधि में बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गयाजी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सावधानी बतरने की अपील की है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।